

# NIOS PYQ's SOLUTIONS

## PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



## APRIL-2025

Your Path to Success

# खण्ड-क

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन-सा एक पर्यटन का सकारात्मक सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव है?**

**(A) पारिवारिक संरचना के बंधन को कम करता है**

**(B) स्थानीय भाषा और बोली अपनी शुद्धतायुक्त पहचान खो रही है**

**(C) यह एकाकी परिवार की मान्यता को बल देता है**

**(D) विचारों एवं परंपराओं के विनिमय के कारण लोग एक-दूसरे के प्रति परस्पर सहानुभूति और समझ विकसित करते हैं**

**उत्तर –** (D) विचारों एवं परंपराओं के विनिमय के कारण लोग एक-दूसरे के प्रति परस्पर सहानुभूति और समझ विकसित करते हैं

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से कौन-सा एक पर्यटन का सकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव नहीं है?**

**(A) सफाई अभियान अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए संचालित किया जाता है**

**(B) अधिक से अधिक पर्यावरणीय सुरक्षात्मक उपायों को अपनाया जाता है**

**(C) ऐसे क्षेत्रों में मानव हस्तक्षेप के कारण भूस्खलन विस्तृत रूप से देखा जाता है**

**(D) पारिस्थितिक संतुलन अनुरक्षण पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करने के लिए महत्त्वपूर्ण उद्देश्य बन जाता है**

**उत्तर –** (C) ऐसे क्षेत्रों में मानव हस्तक्षेप के कारण भूस्खलन विस्तृत रूप से देखा जाता है

**प्रश्न 3. देशान्तरों के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

**(A) यह एक काल्पनिक रेखा है जो उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक खींची है।**

**(B) यह प्रधान मध्याह्न रेखा से पूर्व या पश्चिम की ओर दूरी अंशों में होती है।**

**(C) प्रधान मध्याह्न रेखा के पूर्व में 0° से 180° पश्चिमी देशान्तर के रूप में गिने जाते हैं।**

**(D) देशान्तर की सभी रेखाएँ अक्षांश की रेखाओं को 90° (समकोण) पर काटती हैं।**

**उत्तर –** (C) प्रधान मध्याह्न रेखा के पूर्व में 0° से 180° पश्चिमी देशान्तर के रूप में गिने जाते हैं

**प्रश्न 4. अगर 360 डिग्री 24 घण्टे के बराबर है, तो 30 डिग्री कितने के बराबर होगा?**

**(A) एक घण्टा** **(B) दो घण्टे**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) तीन घण्टे** **(D) चार घण्टे**

**उत्तर –** (B) दो घण्टे

**प्रश्न 5. स्वर्णिम त्रिभुज किन शहरों को जोड़ता है?**

**(A) दिल्ली, आगरा और जोधपुर** **(B) दिल्ली, आगरा और उदयपुर**

**(C) दिल्ली, जयपुर और जैसलमेर** **(D) दिल्ली, आगरा और जयपुर**

**उत्तर –** (D) दिल्ली, आगरा और जयपुर

**प्रश्न 6. अगर एक पर्यटक अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा को पश्चिम से पूर्व की ओर पार करता है, तो क्या होगा?**

**(A) एक दिन घट जाएगा** **(B) एक दिन बढ़ जाएगा**

**(C) कोई परिवर्तन नहीं होगा** **(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर –** (A) एक दिन घट जाएगा

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किसको 'तूती-ए-हिन्द' (भारत का तोता) के रूप में जाना जाता था?**

**(A) तानसेन** **(B) अमीर खुसरो**

**(C) नायक गोपाल** **(D) हरिदास**

**उत्तर –** (B) अमीर खुसरो

**प्रश्न 8. गुजरात का लोकप्रिय नृत्य 'गरबा' किस अवसर पर किया जाता है?**

**(A) नवरात्रि** **(B) दिवाली**

**(C) होली** **(D) दशहरा**

**उत्तर –** (A) नवरात्रि

**प्रश्न 9. निम्नलिखित स्थानों में से किस स्थान पर बुद्ध ने अपना पहला धर्मोपदेश दिया था?**

**(A) कुशीनगर** **(B) सारनाथ**

**(C) गया** **(D) लुम्बिनी**

**उत्तर –** (B) सारनाथ

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 10. हावड़ा ब्रिज किस नदी पर बनाया गया है?**

**(A) गंगा**

**(B) हुगली**

**(C) कोसी**

**(D) ब्रह्मपुत्र**

**उत्तर –** (B) हुगली

**प्रश्न 11. निम्नलिखित पवित्र स्थानों में से कौन-सा भगवान विष्णु का निवास स्थान माना जाता है?**

**(A) अमरनाथ**

**(B) सोमनाथ**

**(C) बद्रीनाथ**

**(D) रामेश्वरम**

**उत्तर –** (C) बद्रीनाथ

**प्रश्न 12. माउंट पार्श्वनाथ निम्नलिखित में से किस धर्म का एक धार्मिक विरासत स्थल है?**

**(A) हिन्दू**

**(B) बौद्ध**

**(C) जैन**

**(D) सिक्ख**

**उत्तर –** (C) जैन

**प्रश्न 13. निम्नलिखित स्थानों में से कौन-सा गुरु नानक का जन्मस्थान है?**

**(A) हेमकुण्ड साहिब**

**(B) पटना साहिब**

**(C) ननकाना साहिब**

**(D) पाउँटा साहिब**

**उत्तर –** (C) ननकाना साहिब

**प्रश्न 14. इनमें से कौन-सा स्थान बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान था?**

**(A) गुरुकुल**

**(B) विहार**

**(C) गृह**

**(D) पर्वत**

**उत्तर –** (B) विहार

**प्रश्न 15. 2014 में निम्नलिखित में से किस राज्य में विदेशी पर्यटकों की संख्या सर्वाधिक थी?**

**(A) महाराष्ट्र**

**(B) राजस्थान**

**(C) केरल**

**(D) तमिलनाडु**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर –** (D) तमिलनाडु

**प्रश्न 16. एक अच्छा भाषण देने में निम्नलिखित में से कौन-सा बिन्दु सहायता करता है?**

**(A) वांछित सूचना देनी है**

**(B) छोटे तथा सरल शब्दों का प्रयोग करें**

**(C) यदि प्राकृतिक तौर पर मुस्कराहट आए तो मुस्कराएँ**

**(D) प्रस्तुतिकरण के दौरान चिंतायुक्त बिना नज़र मिलाए बोलें**

**उत्तर –** (C) यदि प्राकृतिक तौर पर मुस्कराहट आए तो मुस्कराएँ

**प्रश्न 17. दिए गए कथनों की सत्य या असत्य के रूप में पहचान कीजिए:**

**(क) देशान्तर की सभी रेखाएँ अक्षांश की रेखाओं को 90° (समकोण) पर काटती हैं।**

**उत्तर –** सत्य

**(ख) कनाडा में तीन समय क्षेत्र हैं।**

**उत्तर –** असत्य

**प्रश्न 18. एक या दो शब्दों में उत्तर दीजिए:**

**(क) उत्तर-दक्षिण गलियारा किन दो शहरों को जोड़ता है?**

**उत्तर –** श्रीनगर और कन्याकुमारी

**(ख) पर्यटन को बढ़ावा देने में किस प्रकार के परिवहन ने मदद की है?**

**उत्तर –** हवाई परिवहन

**प्रश्न 19. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

**(क) नागस्वरम _______ का अनोखा वाद्ययंत्र है।**

**उत्तर –** तमिलनाडु

**(ख) उस्ताद अमजद अली खान प्रसिद्ध _______ हैं।**

**उत्तर –** सरोद वादक

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 20. स्तम्भ-अ का मिलान स्तम्भ-ब से कीजिए:**

| स्तम्भ-अ | स्तम्भ-ब |
|---|---|
| (a) तबला | (i) उस्ताद बिसमिल्लाह खान |
| (b) शहनाई | (ii) उस्ताद जाकिर हुसैन |
| | (iii) उस्ताद अमजद अली खान |
| | (iv) उस्ताद प्यारे खान |

**उत्तर –** (a) तबला - (ii) उस्ताद जाकिर हुसैन

(b) शहनाई - (i) उस्ताद बिसमिल्लाह खान

**प्रश्न 21. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

**(क) ब्रह्माजी को समर्पित एकमात्र मन्दिर _______ में स्थित है।**

**उत्तर –** पुष्कर

**(ख) _______ का मन्दिर महान त्रिकुटा पर्वतों में स्थित है।**

**उत्तर –** वैष्णो देवी

**प्रश्न 22. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

**(क) पैगम्बर मोहम्मद को वर्ष 610 ईस्वी में _______ वर्ष की आयु में पैगम्बरी प्राप्त हुई।**

**उत्तर –** 40

**(ख) हिजरी युग की शुरुआत वर्ष _______ में हुई थी।**

**उत्तर –** 622 ईसवीं

**प्रश्न 23. दिए गए कथनों की सत्य या असत्य के रूप में पहचान कीजिए:**

**(क) ब्रजभूमि का सम्बन्ध भगवान राम से है।**

**उत्तर –** असत्य

**(ख) बुद्ध ने अपना पहला धर्मोपदेश लुम्बिनी में दिया था।**

**उत्तर –** असत्य

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 24. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

**(क) नीलगिरी पहाड़ियों में स्थित _______ दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध पहाड़ी क्षेत्र है।**

**उत्तर –** ऊटी

**(ख) भौगोलिक _______ भारत को साहसिक पर्यटन के लिए एक अच्छा स्थान प्रदान करती है।**

**उत्तर –** विविधता

**प्रश्न 25. दिए गए कथनों की सत्य या असत्य के रूप में पहचान कीजिए:**

**(क) भारत में विदेशी पर्यटकों का आगमन लगातार कम हो रहा है।**

**उत्तर –** असत्य

**(ख) पर्यटन एक धुआँरहित उद्योग है जिसकी विदेशी मुद्रा कमाने की अनोखी विशेषता है।**

**उत्तर –** सत्य

**प्रश्न 26. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

**(क) वर्ष 2020 तक पर्यटकों के लिए _______ को सर्वाधिक लोकप्रिय स्थल माना गया है।**

**उत्तर –** यूरोप

**(ख) विश्व पर्यटन में भारत की रैंकिंग 2011 की 38वाँ से 2015 में _______ हो गयी।**

**उत्तर –** 24वें स्थान

**प्रश्न 27. दिए गए कथनों की सत्य या असत्य के रूप में पहचान कीजिए:**

**(क) दक्षिण एशियायी देशों में भारत एक प्रमुख पर्यटक स्थल है।**

**उत्तर –** सत्य

**(ख) भारत में 1990 के दशक के प्रारंभ से ही पर्यटन में वस्तुतः वृद्धि नहीं हुई है।**

**उत्तर –** असत्य

**प्रश्न 28. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

**(क) जो लोग सामाजिक तथा अपनी बात खुलकर करने वाले तथा काफी सामाजिक मेलजोल पसन्द करते हैं, _______ कहलाते हैं।**

**उत्तर –** बहिर्मुखी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ख) बुरी या अप्रिय भावनाओं जैसे गुस्सा, चिंता तथा निराशा को भलीभाँति अनुभव करने या सँभालने की क्षमता से _______ का पता चलता है।**

**उत्तर –** भावात्मक स्थिरता

**प्रश्न 29. दिए गए कथनों की सत्य या असत्य के रूप में पहचान कीजिए:**

**(क) विपणन क्रेता से प्रारंभ होता है और क्रेता की आवश्यकताओं पर केन्द्रित होता है।**

**उत्तर –** सत्य

**(ख) विपणन विक्रय का एक हिस्सा है।**

**उत्तर –** असत्य

**प्रश्न 30. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

**(क) _______ विज्ञापन की दुनिया में बिल्कुल नया और अधिक प्रभावशाली है।**

**उत्तर –** इंटरनेट

**(ख) विक्रय प्रोत्साहन के मॉडल AIDAS में 'S' का अर्थ है _______**

**उत्तर –** संतुष्टि प्रदान करना

# खण्ड-ख

**प्रश्न 31. पर्यटक मानचित्र की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – पर्यटक मानचित्र की दो विशेषताएँ :**

**1.** इनमें प्राकृतिक सौन्दर्य के स्थानों, स्मारकों, धार्मिक स्थानों, समुद्र तटों, वन्य जीव अभ्यारण्य और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाता है।

**2.** इससे पर्यटक अपने गंतव्य स्थान की एक समाकलित तस्वीर और परिवहन मार्गों सड़क/रेल की जानकारी आसानी से प्राप्त कर लेते हैं।

**अथवा**

**पर्यटन को बढ़ाने के लिए किन्हीं दो उपायों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर – पर्यटन को बढ़ाने के लिए दो उपाय :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**1. आधारभूत सुविधाओं का विकास :** सड़क, होटल, परिवहन और संचार जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाना चाहिए, ताकि पर्यटकों को सुविधा मिले।

**2. प्रचार-प्रसार और सुरक्षा :** पर्यटन स्थलों का सही प्रचार करना और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखना आवश्यक है, जिससे अधिक पर्यटक आकर्षित हों।

**प्रश्न 32. भारत दर्शन स्पेशल ट्रेन द्वारा पर्यटकों को उपलब्ध करायी जाने वाली किन्हीं दो सुविधाओं को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – इसकी दो सुविधाएँ हैं :**

**1.** इस टूर पैकेज के अंतर्गत सभी पर्यटकों के लिए हॉल व आवास की व्यवस्था की जाती है।

**2.** दर्शनीय स्थलों का दौरा करने के लिए पर्यटक बसें और सटीक जानकारी प्रदान करने के लिए गाइड जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध होती हैं।

**प्रश्न 33. संगीत वाद्ययंत्र 'शहनाई' की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – 'शहनाई' की दो विशेषताएँ :**

**1. मधुर ध्वनि :** शहनाई की आवाज़ बहुत मधुर और सुरीली होती है, इसलिए इसे शुभ अवसरों पर बजाया जाता है।

**2. पारंपरिक वाद्ययंत्र :** यह एक भारतीय पारंपरिक वाद्ययंत्र है, जिसका उपयोग विवाह, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में किया जाता है।

**अथवा**

**संगीत वाद्ययंत्र 'सारंगी' की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – 'सारंगी' की दो विशेषताएँ :**

**1. तार वाला वाद्ययंत्र :** सारंगी एक प्रमुख भारतीय तार वाद्ययंत्र है, जिसे धनुष (गज) की सहायता से बजाया जाता है।

**2. मानव स्वर जैसी ध्वनि :** इसकी ध्वनि मानव आवाज़ के बहुत निकट मानी जाती है, इसलिए यह शास्त्रीय संगीत में विशेष स्थान रखती है।

**प्रश्न 34. कर्नाटक संगीत पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर –** दक्षिण भारतीय संगीत को 'कर्नाटक संगीत' के नाम से जाना जाता है। इसका विकास मुख्यतः ईश्वर के प्रति समर्पण और भक्ति संतों द्वारा किया गया। इस संगीत में मंचीय कला के तीन रूपों संगीत, नृत्य और गायन का एक साथ उपयोग ईश्वर को खुश करने के लिए किया जाता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**भारतीय रंगमंच पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर –** भारतीय रंगमंच भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण भाग है। इसकी शुरुआत नाट्यशास्त्र से मानी जाती है। इसमें नाटक, संगीत, नृत्य और अभिनय का समावेश होता है। भारतीय रंगमंच समाज, संस्कृति और इतिहास को दर्शाने का एक प्रभावी माध्यम है।

**प्रश्न 35. 'परछाई कठपुतली' और 'दस्ताने वाली कठपुतली' में अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – परछाई कठपुतली' और 'दस्ताने वाली कठपुतली' में अन्तर :**

**1. परछाई कठपुतली :** यह चमड़े से बनी सीधी आकृति की होती है। इन्हें स्क्रीन के सामने दबाकर पीछे से रोशनी डाली जाती है जिससे रंग-बिरंगी परछाईयाँ बनती हैं।

**2. दस्ताने वाली कठपुतली :** इसे हथेली कठपुतली भी कहते हैं, जिसका नियंत्रण कठपुतली वाला अपने हाथ तर्जनी, मध्यमा और अँगूठे से करता है।

**प्रश्न 36. चट्टान काटकर बनाए गए मन्दिरों की किन्हीं दो विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – चट्टान काटकर बनाए गए मन्दिरों की दो विशेषताएँ :**

**1.** इन मंदिरों में सुन्दर बड़े कमरे और सुसज्जित दीवारें होती हैं जिन्हें सीधे विशाल चट्टानों को उकेर कर बनाया जाता है।

**2.** चट्टानों के स्थायित्व के कारण ये मंदिर शाश्वत रूप से अडिग खड़े रहते हैं और कला प्रेमियों को आकर्षित करते हैं, जैसे एलोरा का कैलाश मंदिर।

**प्रश्न 37. संप्रेषण के किन्हीं दो लक्षणों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर – संप्रेषण के दो लक्षण :**

**1. विचारों का आदान-प्रदान :** संप्रेषण में व्यक्ति अपने विचार, भावनाएँ और जानकारी दूसरे तक पहुँचाता है।

**2. द्विपक्षीय प्रक्रिया :** यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें संदेश भेजने वाला और प्राप्त करने वाला दोनों शामिल होते हैं।

**अथवा**

**मौखिक संप्रेषण के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर – मौखिक संप्रेषण के दो लाभ :**

**1. त्वरित संप्रेषण :** मौखिक संप्रेषण में संदेश जल्दी पहुँचता है और तुरंत उत्तर मिल सकता है।

**2. स्पष्टता और समझ :** इसमें आमने-सामने बात होने से शंका तुरंत दूर हो जाती है और समझ बेहतर होती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 38. बैठक के किन्हीं दो उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – बैठक दो मुख्य उद्देश्य :**

**1.** सदस्यों को किसी विषय या परिस्थिति के बारे में सूचना देना तथा उसका वर्णन करना।

**2.** सदस्यों से विचारों, अनुभवों का आदान-प्रदान करना और द्वंद्व एवं उलझनों को सुलझाकर सकारात्मक मनोवृत्तियाँ पैदा करना।

**अथवा**

**स्वीकार्यता को एक व्यक्तित्व के लक्षण के रूप में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** स्वीकार्यता व्यक्तित्व का एक ऐसा लक्षण है जो दूसरों के प्रति प्रेम, दया भाव रखने और सहयोग करने की प्रवृत्ति को दर्शाता है। यह दूसरों के ऊपर विश्वास करने, उनकी मदद करने और अपना व्यवहार अच्छा रखने का संकेत है।

**प्रश्न 39. लिखित संप्रेषण की किन्हीं दो हानियों की परख कीजिए।**

**उत्तर – लिखित संप्रेषण की दो हानियाँ :**

**1.** इसमें समय अधिक लगता है तथा यह एक महँगी प्रक्रिया है।

**2.** यह कठोर होता है, इसमें व्यक्तिगत या निजी भावना निहित नहीं होती और कई बार तुरंत प्रतिक्रिया संभव नहीं हो पाती।

**प्रश्न 40. टीम विकास के चार चरणों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – टीम विकास के प्रमुख चरण :**

**1. बनाना :** सदस्य पहली बार एकत्रित होते हैं, वे सावधान और अनिश्चित होते हैं।

**2. मंथन :** विचारों में उलझन होती है, विश्वास की परख होती है और आपसी तनाव उभर सकता है।

**3. सामान्य दौर :** लोग एक-दूसरे को जान जाते हैं, घुल-मिल जाते हैं और मानकों पर सहमति बनाते हैं।

**4. निष्पादन :** टीम आपसी समझ का प्रयोग करके बेहतरीन परिणाम प्रस्तुत करती है।

**प्रश्न 41. ट्रेकिंग मार्ग मानचित्र के किन्हीं तीन लक्षणों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – ट्रेकिंग मार्ग मानचित्र के तीन लक्षण :**

**1. मार्ग की स्पष्ट जानकारी :** ट्रेकिंग मानचित्र में रास्तों, दूरी और दिशा की स्पष्ट जानकारी दी जाती है, जिससे यात्रियों को सही मार्ग मिलता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**2. प्राकृतिक स्थलों का विवरण :** इसमें पहाड़, नदी, जंगल और शिविर स्थलों का उल्लेख होता है, जिससे ट्रेकिंग आसान बनती है।

**3. सुरक्षा संबंधी संकेत :** मानचित्र में जोखिम वाले क्षेत्रों, ऊँचाई और सुरक्षित मार्गों की जानकारी दी जाती है, जो यात्रियों की सुरक्षा में सहायक होती है।

**अथवा**

**सड़क परिवहन की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – सड़क परिवहन की तीन विशेषताएँ :**

**1. सरल और सुलभ :** सड़क परिवहन सबसे आसान और सुविधाजनक साधन है। यह शहरों के साथ-साथ गाँवों और दूरस्थ क्षेत्रों तक भी पहुँच सकता है।

**2. कम खर्चीला :** यह परिवहन अन्य साधनों की तुलना में सस्ता होता है। छोटी दूरी की यात्रा और सामान ढोने के लिए यह अधिक उपयोगी माना जाता है।

**3. लचीला और सुविधाजनक :** सड़क परिवहन में यात्री अपनी आवश्यकता के अनुसार समय और मार्ग चुन सकते हैं। इसमें घर से गंतव्य तक सीधी यात्रा संभव होती है।

**प्रश्न 42. भारत में पर्यटन के विकास में रेलवे की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर – भारत में पर्यटन के विकास में रेलवे की भूमिका :**

**1. मुख्य और सस्ता साधन :** भारतीय रेलवे यात्रियों के लिए यातायात का मुख्य और कम खर्च वाला साधन है, जिससे अधिक लोग पर्यटन के लिए यात्रा कर पाते हैं।

**2. देशभर को जोड़ने में सहायक :** रेलवे व्यापार, भ्रमण, धर्म और शिक्षा के उद्देश्यों से लोगों को देश के एक कोने से दूसरे कोने तक सुरक्षित पहुँचाता है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलता है।

**3. विशेष पर्यटन ट्रेनें और सुविधाएँ :** रेलवे ने पैलेस ऑन व्हील्स, भारत दर्शन, फेरी क्वीन और हेरिटेज ऑन व्हील्स जैसी विशेष ट्रेनें शुरू की हैं। साथ ही शताब्दी और राजधानी जैसी तेज़ व आरामदायक ट्रेनों ने पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**अथवा**

**स्थायी पर्यटन की अवधारणा की तीन बिन्दुओं में व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – स्थायी पर्यटन की अवधारणा :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**1. पर्यावरण संरक्षण :** स्थायी पर्यटन में प्राकृतिक संसाधनों, वन्यजीवों और पर्यावरण की रक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है, ताकि उनका संतुलन बना रहे।

**2. स्थानीय संस्कृति का सम्मान :** इसमें स्थानीय परंपराओं, कला और संस्कृति को सुरक्षित रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा दिया जाता है।

**3. भविष्य की आवश्यकताओं का ध्यान :** स्थायी पर्यटन ऐसा विकास है जो वर्तमान जरूरतों को पूरा करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए संसाधनों को सुरक्षित रखता है।

**प्रश्न 43. स्वास्थ्य पर्यटन के किन्हीं तीन लक्षणों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – स्वास्थ्य पर्यटन के तीन लक्षण :**

**1. कम कीमत पर विश्व स्तरीय इलाज :** भारत विकसित देशों जैसे अमेरिका और यूरोप की तुलना में काफी कम कीमत पर विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करता है।

**2. चिकित्सा पद्धतियों की विविधता :** इसमें एलोपैथी के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियाँ जैसे आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और सिद्ध शामिल हैं।

**3. विदेशी पर्यटकों का आकर्षण :** यह उन देशों विशेषकर अमेरिका, यूरोप और मध्य पूर्व के पर्यटकों को भारी संख्या में आकर्षित करता है, जहाँ इलाज करवाना बहुत महँगा है।

**अथवा**

**विश्व में भ्रमण स्थलों पर पर्यटकों के लिए किन्हीं तीन आकर्षणों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – विश्व भर में पर्यटकों को गंतव्य स्थलों की ओर खींचने वाले तीन प्रमुख आकर्षण इस प्रकार हैं :**

**1. सांस्कृतिक आकर्षण :** ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल, पुरानी वास्तुकला, संग्रहालय, कला केंद्र और स्थानीय पकवान पर्यटकों के लिए बड़े सांस्कृतिक आकर्षण होते हैं।

**2. प्राकृतिक आकर्षण :** सुंदर प्राकृतिक परिदृश्य, पर्वत, समुद्री तट, द्वीप, पार्क और विविध प्रकार के वनस्पति व वन्यजीव पर्यटकों को लुभाते हैं।

**3. आयोजन आकर्षण :** बड़े खेल आयोजन जैसे ओलंपिक, विश्व कप, व्यापार मेले, सामुदायिक त्यौहार और धार्मिक सम्मेलन लाखों राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

**प्रश्न 44. जैनियों के पवित्र स्थान के रूप में श्रवणबेलगोला के महत्त्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** मैसूर से 62 मील दूर स्थित श्रवणबेलगोला जैन धर्म का एक अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। इसके महत्त्व के तीन बिंदु हैं :

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. **भगवान बाहुबली की विशालकाय प्रतिमा :** इस पहाड़ी पर 470 फीट की ऊँचाई पर भगवान बाहुबली की 57 फुट ऊँची और 26 फुट चौड़ी भव्य प्रतिमा स्थित है।

2. **अद्वितीय वास्तुकला :** लगभग 980 ई. में चट्टानों पर नक्काशी करके बनाई गई यह प्रतिमा विश्व भर में स्वतंत्र रूप से (बिना किसी सहारे के) खड़ी सबसे विशाल प्रतिमा है।

3. **महामस्तकाभिषेक समारोह :** यहाँ प्रत्येक बारह से पंद्रह वर्ष के अंतराल में एक बहुत बड़ी मचान लगाकर जल, चंदन, नारियल और चीनी के मिश्रण से प्रतिमा का भव्य स्नान (महामस्तकाभिषेक) कराया जाता है।

**प्रश्न 45. वर्धमान महावीर के जीवन और शिक्षाओं पर एक निबन्ध लिखिए।**

**उत्तर –** वर्धमान महावीर जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर थे। उनका जन्म वज्जि की राजधानी वैशाली में एक क्षत्रिय परिवार में हुआ था। तीस वर्ष की आयु में उन्होंने सांसारिक सुखों को त्याग कर संन्यास ग्रहण कर लिया और सत्य की खोज में निकल पड़े। 12 वर्षों की घोर तपस्या के बाद उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ, जिसके बाद वे 'जिन' या विजेता कहलाए। 527 ईसा पूर्व में पावापुरी में उन्होंने निर्वाण (मोक्ष) प्राप्त किया।

**महावीर की प्रमुख शिक्षाएँ :**

**1. ईश्वर और कर्मकांडों का विरोध :** वे ईश्वर के अस्तित्व, यज्ञ, पशु बलि और कर्मकांडों में विश्वास नहीं रखते थे। उन्होंने जाति प्रथा का भी कड़ा विरोध किया और सभी मनुष्यों को समानता की शिक्षा दी।

**2. त्रिमार्ग:** उन्होंने मोक्ष प्राप्ति के लिए 'उचित आस्था', 'उचित ज्ञान' और 'उचित व्यवहार' का मार्ग सुझाया।

**3. अहिंसा और चार संकल्प :** उनकी सबसे मुख्य शिक्षा अहिंसा यानि किसी जीव को न सताना थी। इसके अलावा उन्होंने जीवन को नुकसान न पहुँचाने, झूठ न बोलने, संपत्ति का संचय न करने और चोरी न करने (अस्तेय) के संकल्प दिए। उनके उपदेश आम जन की प्राकृत/अर्द्ध-मागधी भाषा में थे, जिससे उनके विचारों का व्यापक प्रसार हुआ।

**अथवा**

**गुरु नानक के जीवन और शिक्षाओं पर एक निबन्ध लिखिए।**

**उत्तर –** सिख धर्म के संस्थापक और महान संत गुरु नानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी (ननकाना साहिब) में हुआ था। 1496 में ज्ञानोदय के पश्चात्, उन्होंने भाईचारे का संदेश फैलाने के लिए मरदाना जी और भाई बाला के साथ यात्राएँ कीं। उनके भजनों को 'आदि ग्रंथ' में संकलित किया गया। उन्होंने 'संगत' और 'पंगत' (लंगर) की प्रथा स्थापित की।

**गुरु नानक की मुख्य शिक्षाएँ :**

**1. निराकार ईश्वर में विश्वास :** उन्होंने उपदेश दिया कि ईश्वर केवल एक है और वह पूरी तरह से निराकार हरि और गोविंद है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**2. सामाजिक कुरीतियों का खंडन :** उन्होंने समाज में व्याप्त जातिप्रथा, मूर्तिपूजा और अंधविश्वासों का कड़ा विरोध किया और इनकी निंदा की।

**3. मानवीय सद्गुणों का विकास :** उन्होंने लोगों को अपने जीवन में विनम्रता, दान, क्षमा, दया और सच्चाई जैसे उत्तम गुणों का संचार करने की शिक्षा दी।

**प्रश्न 46. विश्व में पर्यटन को प्रभावित करने वाले किन्हीं छः कारकों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – विश्व में पर्यटन को प्रभावित करने वाले छः कारक :**

**1. भौगोलिक कारक :** किसी स्थान की अनुकूल जलवायु, मनमोहक प्राकृतिक दृश्य और भौगोलिक विविधता पर्यटकों को बड़े पैमाने पर आकर्षित करती है।

**2. सांस्कृतिक कार्यक्रम :** विभिन्न स्थानों के स्थानीय रीति-रिवाज़, धार्मिक अनुष्ठान, मेले और उत्सव जैसे गोवा का कार्निवल पर्यटन को भारी बढ़ावा देते हैं।

**3. सुरक्षा और चौकसी :** पर्यटक हमेशा सुरक्षित स्थानों पर जाना पसंद करते हैं; जहाँ दुर्घटनाओं या आतंकवादी गतिविधियों का खतरा होता है, वहाँ पर्यटन घट जाता है।

**4. आर्थिक स्थिति :** उच्च आय और अच्छी क्रय शक्ति वाले लोग पर्यटन और यात्रा पर अधिक धन खर्च करते हैं।

**5. सुविधाएँ और सेवाएँ :** बेहतर परिवहन व्यवस्था, अच्छे होटल, संचार के साधन, और बैंकिंग जैसी उच्च स्तरीय मूलभूत संरचनाएँ पर्यटकों को प्रोत्साहित करती हैं।

**6. सरकारी नीतियाँ :** सरकार द्वारा दी जाने वाली उदार वीज़ा नीतियाँ, यात्रा नियमों में ढील और विशेष पैकेज पर्यटकों के आगमन को अत्यधिक सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

**अथवा**

**भारतीय पर्यटन के उभरते आयाम के किन्हीं छः बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – भारतीय पर्यटन के उभरते आयाम :**

**1. स्वास्थ्य पर्यटन :** इसके अंतर्गत कम कीमत पर विश्व स्तरीय इलाज, आयुर्वेद, यूनानी और प्राकृतिक चिकित्सा प्राप्त करने के लिए विदेशी पर्यटक भारी संख्या में भारत आते हैं।

**2. आध्यात्मिक पर्यटन :** भारत अध्यात्म का केंद्र और विभिन्न धर्मों का संगम है, जहाँ स्थित भव्य मंदिर, मस्जिदें और चर्च धार्मिक पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

**3. साहसिक पर्यटन :** भारत की भौगोलिक विविधता विशेषकर ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में साहसिक खेलों और गतिविधियों के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**4. मीटिंग, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी (MICE) पर्यटन :** 1991 के उदारीकरण के बाद, व्यापारिक बैठकों और सम्मेलनों के लिए यह क्षेत्र तेजी से उभरा है।

**5. ग्रामीण पर्यटन :** इसके अंतर्गत पर्यटकों का ग्रामीण लोगों और उनके पारंपरिक व सांस्कृतिक जीवन-शैली के साथ सीधा संपर्क होता है।

**6. स्थायी पर्यटन :** इसमें पर्यटन का विकास इस तरह किया जाता है कि पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े और भावी पीढ़ी की आवश्यकताएँ भी पूरी हों।

# खण्ड-ग

**वैकल्पिक मॉड्यूल-I (यात्रा एवं पर्यटन संचालन व्यवसाय)**

**प्रश्न 47. विश्व का पहला व्यवस्थित यात्रा एजेंट निम्नलिखित में से कौन था?**

**(A) जीना टूर्स ऐण्ड ट्रैवल्स** **(B) ली ऐण्ड म्यूरहेड**

**(C) थॉमस कुक** **(D) टी०ए०ए०आइ०**

**उत्तर –** (C) थॉमस कुक

**प्रश्न 48. विदेश की यात्रा पर जाने वाले घरेलू पर्यटकों का प्रबन्ध निम्नलिखित में से कौन-सा यात्रा संचालक करता है?**

**(A) अंतर्गामी यात्रा संचालक** **(B) बहिर्गामी यात्रा संचालक**

**(C) घरेलू यात्रा संचालक** **(D) स्थलीय संचालक**

**उत्तर –** (B) बहिर्गामी यात्रा संचालक

**प्रश्न 49. मैं दृश्यावलोकन पर्यटन तथा भ्रमण पर्यटन, हवाई अड्डा से स्थानान्तरण, होटल में आगमन तथा होटल छोड़ने के समय की योजना बनाता हूँ। निम्नलिखित में से मैं कौन हूँ?**

**(A) यात्रा संचालक** **(B) थोक यात्रा एजेंसी**

**(C) खुदरा यात्रा एजेंसी** **(D) ऑनलाइन यात्रा एजेंसी**

**उत्तर –** (C) खुदरा यात्रा एजेंसी

**प्रश्न 50. भारत में पृथक् पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय की स्थापना कब हुई थी?**

**(A) 1957** **(B) 1967**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) 1977** **(D) 1987**

**उत्तर –** (B) 1967

**प्रश्न 51. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

**(क) पर्यटक अपेक्षा करता है कि यात्रा को उसी तरह से संचालित किया जाए जैसा कि उसे पैकेज खरीदते समय _______ के अन्तर्गत बताया गया था।**

**उत्तर –** यात्रा-विवरण

**(ख) बोतल का पानी रेलनीर _______ का उत्पाद है।**

**उत्तर –** आईआरसीटीसी (IRCTC)

**प्रश्न 52. यात्रा एजेंसी के किन्हीं तीन कार्यों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – यात्रा-एजेंसियों के तीन प्रमुख कार्य इस प्रकार हैं :**

**1. टिकटों का आरक्षण :** हवाई जहाज, रेलवे, बस और क्रूज़ के टिकटों की बुकिंग यात्रा एजेंसी की आय का मुख्य साधन है। यह सुविधा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध होती है, जिससे यात्रियों को आसानी होती है।

**2. यात्रा प्रलेख तैयार करना :** विदेशी यात्राओं के लिए ग्राहकों को पासपोर्ट, वीज़ा, स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र, विदेशी मुद्रा और यात्रा-बीमा आदि प्राप्त करने में सहायता करना।

**3. विपणन और प्रचार :** अपने पर्यटन पैकेजों, गंतव्य स्थलों और होटलों का मुद्रित (ब्रोशर) व इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से विज्ञापन कर ग्राहकों को आकर्षित करना।

**प्रश्न 53. खुदरा यात्रा एजेंसी और थोक यात्रा एजेंसी में उदाहरण सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – खुदरा यात्रा एजेंसी और थोक यात्रा एजेंसी में अन्तर :**

| आधार | खुदरा यात्रा एजेंसी | थोक यात्रा एजेंसी |
|---|---|---|
| **1. कार्य** | यह आपूर्तिकर्ताओं के नाम पर पर्यटकों को सीधे पर्यटक उत्पाद बेचती है। | यह विभिन्न सेवाओं को थोक में खरीदकर पर्यटन-पैकेज बनाती है और सीधे ग्राहकों को नहीं बेचती। |
| **2. आय का स्रोत** | इसकी आय का प्रमुख स्रोत उत्पादों को बेचने पर मिलने वाला 'कमीशन' होता है। | यह कमीशन से नहीं, बल्कि प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं से थोक आरक्षणों पर मिली 'छूट' से आय अर्जित करती है। |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

| | | |
|---|---|---|
| **3. उदाहरण** | एक स्थानीय ट्रेवल एजेंट जो सीधे ग्राहक के लिए फ्लाइट या होटल बुक करता है। | एक बड़ी कंपनी जो भारी मात्रा में होटल/फ्लाइट बुक कर अपना 'टूर पैकेज' तैयार करती है। |

**वैकल्पिक मॉड्यूल-II (आतिथ्य प्रबन्धन)**

**प्रश्न 47. अवस्थिति के आधार पर इनमें से कौन-सा होटल शहर से दूर जंगलों, समुद्री तटों या पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित होता है?**

**(A) शहर के निकट व्यावसायिक होटल** **(B) अर्द्धशहरी होटल**

**(C) हवाई अड्डों पर होटल** **(D) रिज़ॉर्ट होटल**

**उत्तर –** (D) रिज़ॉर्ट होटल

**प्रश्न 48. पर्यटन उद्योग के तीन महत्त्वपूर्ण घटक कौन-से हैं?**

**(A) अपील, पहुँच और आवास** **(B) आकर्षण, उपलब्धता और आवास**

**(C) आकर्षण, पहुँच और आवास** **(D) अपील, उपलब्धता और आवास**

**उत्तर –** (C) आकर्षण, पहुँच और आवास

**प्रश्न 49. निम्नलिखित में से कौन-सा होटल के फ्रंट ऑफिस का एक मुख्य कार्य नहीं है?**

**(A) कमरों के लिए अग्रिम बुकिंग लेना** **(B) होटल की फोन कॉल्स को सुनना**

**(C) होटल के कर्मचारियों को भोजन उपलब्ध कराना** **(D) अतिथियों को कमरे देना**

**उत्तर –** (C) होटल के कर्मचारियों को भोजन उपलब्ध कराना

**प्रश्न 50. निम्नलिखित में से कौन-सा हैदराबाद का लोकप्रिय व्यंजन है?**

**(A) मिर्ची का सालन** **(B) दाल मखनी**

**(C) बटर चिकेन** **(D) खीचू**

**उत्तर –** (A) मिर्ची का सालन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 51. दिए गए कथनों की सत्य या असत्य के रूप में पहचान कीजिए:**

**(क) थाई भोजन हल्के और सामान्य रूप से प्रयोग होने वाली सामग्री जैसे जड़ी-बूटी तथा मसालों से तैयार औषधीय विशेषताएँ लिए हुए होती हैं।**

**उत्तर –** सत्य

**(ख) होटल दिन में 24 घण्टे और सप्ताह में पाँच दिन संचालित होते हैं।**

**उत्तर –** असत्य

**प्रश्न 52. होटल में आगमन के समय अतिथियों की किन्हीं तीन अपेक्षाओं को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – होटल में आगमन के समय अतिथियों की तीन प्रमुख अपेक्षाएँ :**

**1. स्नेहिल और मित्रवत् स्वागत :** अतिथि यह अपेक्षा करते हैं कि होटल के कर्मचारी अच्छे से तैयार हों और उनका स्नेहिल एवं मित्रवत् तरीके से अभिनंदन करें।

**2. कुशल व त्वरित चेक-इन :** अतिथि चाहते हैं कि होटल की चेक-इन प्रणाली बेहद कुशल व तत्काल हो ताकि उन्हें इंतज़ार न करना पड़े।


**3. सामान की देखभाल :** कार से लेकर कमरे तक उनके सामान को कुशल रूप से सँभाला जाए और उन्हें साफ़ व अच्छे रख-रखाव वाला कमरा मिले।

**प्रश्न 53. किसी होटल में 'बेल डेस्क' और 'कंसीर्ज' (दरबान) के बीच उदाहरण सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – किसी होटल में 'बेल डेस्क' और 'कंसीर्ज' (दरबान) के बीच उदाहरण सहित अन्तर :**

| आधार | बेल डेस्क | कंसीर्ज |
|---|---|---|
| **1. मुख्य उत्तरदायित्व** | यह विभाग मेहमानों को उनके कमरों तक पहुँचाने और उनके सामान का ध्यान रखने के लिए उत्तरदायी है। | यह विभाग मेहमानों को उनकी विशेष आवश्यकतानुसार व्यक्तिगत सेवाएँ प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है। |
| **2. सेवा का स्वरूप** | यह होटल के भीतर कमरे की सुविधाओं, सुरक्षा तंत्र की जानकारी व पेजिंग जैसी सामान्य सेवाएँ प्रदान करता है। | यह होटल के बाहर की सुविधाओं जैसे-स्पा, रात्रि जीवन की जगहों की सूचना व बाहरी बुकिंग का प्रबंध करवाता है। |
| **3. उदाहरण** | आगमन या प्रस्थान पर सामान उठाना, और दवाइयाँ या डाक टिकट जैसी सामान्य वस्तुएँ खरीदना। | रेस्तरां में टेबल आरक्षित करना, फिल्म/खेल के टिकट या लग्जरी कार व हेलीकॉप्टर का प्रबंध करना। |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/


NIOS PYQ's
SOLUTIONS
PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS
OCTOBER-2025
Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1. प्रधान मध्याह्न रेखा है _______**

**(A) 0°**

**(B) 180°**

**(C) 90° पू.**

**(D) 90° प.**

**उत्तर -** (A) 0°

**प्रश्न 2. पृथ्वी को अपनी धुरी पर एक चक्कर पूरा करने में लगभग कितना समय लगता है ?**

**(A) 24 घण्टे**

**(B) 6 घण्टे**

**(C) 36 घण्टे**

**(D) 12 घण्टे**

**उत्तर -** (A) 24 घण्टे

**प्रश्न 3. गुजरात में स्थित प्रमुख बंदरगाह हैं_________।**

**(A) पाराद्वीप**

**(B) जवाहरलाल नेहरु पत्तन**

**(C) कांडला**

**(D) तूतीकोरिन**

**उत्तर -** (C) कांडला

**प्रश्न 4. मध्यकालीन भारत के निम्नलिखित संगीतकारों में से किस एक को 'तुती-ए-हिन्द' के रूप में जाना जाता है?**

**(A) अमीर खुसरो**

**(B) तानसेन**



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) बिसमिल्लाह खां**

**(D) अमजद अली खान**

**उत्तर -** (A) अमीर खुसरो

**प्रश्न 5. भारत रत्न पंडित रविशंकर निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र के वादक थे ?**

**(A) सितार**

**(B) सरोद**

**(C) वीणा**

**(D) सारंगी**

**उत्तर -** (A) सितार

**प्रश्न 6. घूमर निम्नलिखित में से किस राज्य का लोकनृत्य है ?**

**(A) महाराष्ट्र**

**(B) कर्नाटक**

**(C) राजस्थान**

**(D) तमिलनाडु**

**उत्तर -** (C) राजस्थान

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किस शासक ने कोणार्क में सूर्य मन्दिर का निर्माण करवाया था ?**

**(A) नरसिंह देव प्रथम**

**(B) जटावर्मन सुंदरा**

**(C) गियासुद्दीन बलबन**

**(D) चाओलुंग सुकफा**

**उत्तर -** (A) नरसिंह देव प्रथम

**प्रश्न 8. उस वास्तुविद के नाम की पहचान कीजिए जिसने दिल्ली में भारत अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र का डिजाइन तैयार किया।**

**(A) जोसेफ एलन स्टेन**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(B) बिमल पटेल**

**(C) एडविन लुटियंस**

**(D) लुइस हेनरी सुलिवन**

**उत्तर -** (A) जोसेफ एलन स्टेन

**प्रश्न 9. निम्नलिखित में से किस संगीतकार को कव्वाली के आविष्कार का श्रेय दिया जाता है ?**

**(A) तानसेन**

**(B) अल्लारखा खाँ**

**(C) मियां लाल खाँ**

**(D) अमीर खुसरो**

**उत्तर -** (D) अमीर खुसरो

**प्रश्न 10. गौतम बुद्ध ने आत्मज्ञान प्राप्त करने के बाद अपना पहला उपदेश कहाँ दिया था ?**

**(A) सारनाथ**

**(B) लुंबिनी**

**(C) गया**

**(D) कुशीनगर**

**उत्तर -** (A) सारनाथ

**प्रश्न 11. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर मगध के राजा की राजधानी था ?**

**(A) राजगीर**

**(B) नालन्दा**

**(C) बोध गया**

**(D) उदयगिरी**

**उत्तर -** (A) राजगीर

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 12. हेमकुंड साहिब निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**

**(A) हिमाचल प्रदेश**

**(B) उत्तर प्रदेश**

**(C) उत्तराखंड**

**(D) महाराष्ट्र**

**उत्तर -** (C) उत्तराखंड

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में किस वर्ष भारत में पर्यटन विकास परिषद का गठन किया गया ?**

**(A) 1994**

**(B) 1958**

**(C) 1949**

**(D) 1985**

**उत्तर -** (B) 1958

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से कौन-सी तारीख को प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है ?**

**(A) 27 सितंबर**

**(B) 27 अगस्त**

**(C) 27 अक्टूबर**

**(D) 27 नवम्बर**

**उत्तर -** (A) 27 सितंबर

**प्रश्न 15. गोवा का कौन-सा पारम्परिक नृत्य शिग्मो त्योहार के अवसर पर किया जाता है?**

**(A) लावणी**

**(B) जागोर**

**(C) मोरूलम**

**(D) कालबेलिया**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर** - (C) मोरूलम

**प्रश्न 16. निम्नलिखित में से किस वास्तुकार ने चण्डीगढ़ शहर का डिजायन बनाया था ?**

**(A) लीकार्बजिएर**

**(B) जोसेफएलन स्टीन**

**(C) एडविन लुटियंस**

**(D) लुइस हेनरी सुलिवन**

**उत्तर** - (A) ली कार्बूज़िए

**प्रश्न 17. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(i) सरकार द्वारा लिए गये राजनीतिक निर्णय या राजनीतिक स्थिरता या अस्थिरता, पर्यटन की ________ और विकास को निर्धारित करती है।**

**उत्तर** - वृद्धि

**(ii) पर्यटन दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोगों के लिए ________ प्रदान कर रहा है।**

**उत्तर** - आजीविका

**प्रश्न 18. सत्य या असत्य अंकित कीजिए :**

**(i) प्रधान मध्याह्न रेखा पृथ्वी को दो गोलार्डों में विभाजित करती है।**

**उत्तर** - सत्य

**(ii) देशान्तर की सभी रेखाएँ अक्षांतर की रेखाओं को 90° पर काटती हैं।**

**उत्तर** - सत्य

**प्रश्न 19. एक शब्द में उत्तर दीजिए :**

**(i) कवाडिअट्टम नृत्य किस राज्य से संबंधित है ?**

**उत्तर** - तमिलनाडु

**(ii) उस्ताद अमजद अली खान किस संगीत वाद्य यन्त्र से जुड़े हैं?**

**उत्तर** – सरोद

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 20. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(i) पर्यटकों के लिए भ्रमण एवं अध्ययन का सबसे रोचक स्थान ________ घाटी की सभ्यता है।**

**उत्तर -** सिंधु

**(ii) सांची और सारनाथ स्तूप ________ वास्तुकला की उपलब्धियों के प्रतीक हैं।**

**उत्तर -** मौर्य

**प्रश्न 21. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(i) बद्रीनाथ स्थित 'जय बद्री विशाल' भगवान ________ के निवास स्थान के रूप में जाना जाता है।**

**उत्तर -** विष्णु

**(ii) रामेश्वरम् भारतीय उपमहाद्वीप के ________ भाग पर स्थित है।**

**उत्तर -** दक्षिणतम

**प्रश्न 22. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(i) 610 ईसवी में 40 वर्ष की उम्र में हजरत मोहम्मद को ________ पद प्राप्त हुआ।**

**उत्तर -** पैगंबर

**(ii) कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की दरगाह ________ के गाँव महरौली में स्थित है।**

**उत्तर -** दिल्ली

**प्रश्न 23. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(i) पर्यटन एक धूमहीन उद्योग है जिसमें ________ पूँजी अर्जित करने की अद्भूत विशेषता है।**

**उत्तर -** विदेशी पूंजी

**(ii) 14 मई सन् ________ को भारत सरकार ने पर्यटन मंत्रालय को एक अलग मंत्रालय घोषित किया।**

**उत्तर -** 2000

**प्रश्न 24. सत्य या असत्य अंकित कीजिए :**

**(i) घरेलू पर्यटकों का लगभग दो तिहाई भारत के पाँच राज्यों तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश से आते हैं।**

**उत्तर -** सत्य

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ii) भारत में विदेशी पर्यटकों के आगमन की संख्या निरंतर बढ़ रही है।**

**उत्तर -** सत्य

**प्रश्न 25. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(i) जनवरी-अप्रैल 2013 में विदेशी विनिमय में आय 6.878 अरब अमेरिकन डालर थी जो 2012 की इसी अवधि में ________ अरब अमेरिकन डालर थी।**

**उत्तर -** 6.145

**(ii) भारत में आधे से अधिक पर्यटकों का आगमन होता है और दक्षिण एशिया की पर्यटन आय का लगभग ________ भारत को प्राप्त होता है।**

**उत्तर -** 75%

**प्रश्न 26. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(i) ________ सूचना भेजने की एक क्रिया है जिसका उद्देश्य परस्पर समझ का विकास करना है।**

**उत्तर -** संप्रेषण

**(ii) ________ से तात्पर्य ग्राहक और निर्माताओं के मध्य स्वेच्छा से परस्पर विनिमय में सफलता प्राप्त करने की प्रक्रिया से है।**

**उत्तर -** विपणन

**प्रश्न 27. सत्य या असत्य अंकित कीजिए :**

**(i) घरेलू पर्यटन में तमिलनाडु राज्य का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान है।**

**उत्तर -** सत्य

**(ii) देश के सभी स्मारकों में से ताजमहल, कुतुब मीनार सर्वाधिक लोकप्रिय पर्यटक स्थल हैं।**

**उत्तर -** सत्य

**प्रश्न 28. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(i) ________ दो या अधिक व्यक्तियों के बीच तथ्यों, विचारों, मतों या भावनाओं का आदान-प्रदान है।**

**उत्तर -** संप्रेषण

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ii) ________ सेवा से अभिप्राय व्यवसाय में उन तत्वों से है जिनसे ग्राहकों की व्यवसाय के प्रति संतुष्टि महत्तम होती है।**

**उत्तर -** ग्राहक सेवा

**प्रश्न 29. सत्य या असत्य अंकित कीजिए :**

**(i) मूल्य वह धनराशि होती है जो किसी ग्राहक को कोई उत्पाद अथवा सेवा प्राप्त करने के बदले में भुगतान करनी पड़ती है।**

**उत्तर -** सत्य

**(ii) विपणन के कार्यों में बाजार का अन्वेषण शामिल होता है।**

**उत्तर -** सत्य

**प्रश्न 30. सत्य या असत्य अंकित कीजिए :**

**(i) पर्यटन-विपणन पर्यटकों और संगठनों के मध्य परस्पर सफल स्वैच्छिक आदान-प्रदान की प्रक्रिया है।**

**उत्तर -** सत्य

**(ii) बाजार-शोध विपणन के विविध पक्षों से संबंधित तथ्यों की सुव्यवस्थित छानबीन है।**

**उत्तर -** सत्य

**प्रश्न 31. पर्यटन के किन्हीं दो सकारात्मक सामाजिक सांस्कृतिक प्रभावों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - पर्यटन के दो सकारात्मक सामाजिक सांस्कृतिक प्रभाव-**

1. **सांस्कृतिक आदान-प्रदान में वृद्धि:** पर्यटन विभिन्न संस्कृतियों के लोगों को एक-दूसरे के निकट लाता है, जिससे आपसी समझ और सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ता है।
2. **स्थानीय संस्कृति का संरक्षण:** पर्यटन स्थानीय कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण तथा उनके प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहित करता है।

**अथवा**

**पर्यटन के किन्हीं दो सकारात्मक राजनीतिक प्रभावों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - पर्यटन के दो सकारात्मक राजनीतिक प्रभाव-**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. **अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सुधार:** पर्यटन विभिन्न देशों के बीच मैत्री, सहयोग तथा सद्भाव को बढ़ावा देता है।
2. **शांति एवं सुरक्षा को प्रोत्साहन:** पर्यटन के विकास के लिए सरकारें शांति, सुरक्षा तथा बेहतर पर्यटन नीतियों पर अधिक ध्यान देती हैं।

**प्रश्न 32. परिवहन और पर्यटन के बीच संबंध को दो बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - परिवहन और पर्यटन के बीच संबंध-**

1. **पर्यटकों की पहुँच:** परिवहन पर्यटकों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित, शीघ्र तथा सुविधाजनक यात्रा की सुविधा प्रदान करता है।
2. **पर्यटन का विकास:** अच्छी परिवहन व्यवस्था पर्यटन स्थलों तक पहुँच आसान बनाती है, जिससे पर्यटकों की संख्या और पर्यटन व्यवसाय दोनों बढ़ते हैं।

**प्रश्न 33. पर्यटन को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो भौगोलिक कारकों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - पर्यटन को प्रभावित करने वाले दो भौगोलिक कारक-**

1. **जलवायु:** सुहावना मौसम पर्यटकों को आकर्षित करता है, जबकि अत्यधिक गर्मी, सर्दी या वर्षा पर्यटन को प्रभावित करती है।
2. **भौगोलिक विविधता:** पर्वत, समुद्र तट, झीलें, वन तथा प्राकृतिक दृश्य किसी स्थान को पर्यटन की दृष्टि से अधिक आकर्षक बनाते हैं।

**प्रश्न 34. संगीत वाद्य यन्त्र 'वीणा' की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - 'वीणा' की दो प्रमुख विशेषताएँ हैं-**

1. **प्राचीन वाद्ययंत्र:** इसका उल्लेख वैदिक साहित्य में मिलता है और यह तारों को खींचकर निर्मित किया गया उपकरण है।
2. **दक्षिण भारत में लोकप्रिय:** इसे सरस्वती वीणा के नाम से भी जाना जाता है और कर्नाटक संगीत में सहयोग के लिए तैयार किया गया है।

**अथवा**

**संगीत वाद्य यन्त्र 'शहनाई' की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - 'शहनाई' की दो विशेषताएँ हैं -**

1. **वाद्य श्रेणी और आकार:** यह एयरोफोनिकम श्रेणी का वाद्ययंत्र है जो ट्यूब की तरह दिखता है और नीचे से चौड़ा होता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **उपयोग:** यह भारत में अत्यधिक लोकप्रिय है तथा उत्तरी भारत में विवाह समारोहों और जुलूसों में विशेष रूप से बजाया जाता है

**प्रश्न 35. भारतीय वास्तुकला के क्रमिक विकास को दो बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** भारतीय वास्तुकला का विकास विभिन्न ऐतिहासिक कालों में क्रमिक रूप से हुआ। प्राचीन काल में सिंधु घाटी सभ्यता की सुव्यवस्थित नगर योजना, बौद्ध स्तूपों, विहारों तथा शैलकृत गुफाओं ने भारतीय वास्तुकला की मजबूत नींव रखी। इसके बाद मध्यकाल और औपनिवेशिक काल में भारतीय वास्तुकला पर फारसी-इस्लामी शैली तथा बाद में यूरोपीय प्रभाव दिखाई दिया। इस काल में गुंबद, मेहराब, मीनारों और लुटियंस शैली जैसी विशेषताओं का समावेश हुआ, जिससे भारतीय वास्तुकला और अधिक समृद्ध तथा विविधतापूर्ण बनी।

# खंड – ब

**प्रश्न 36. जैनियों के मुख्य सम्प्रदायों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - भगवान महावीर की मृत्यु के बाद जैन धर्म मुख्य रूप से दो सम्प्रदायों में विभाजित हो गया-**

1. **दिगंबर सम्प्रदाय:** इस सम्प्रदाय के अनुयायी पूर्णतः नग्न रहने में विश्वास रखते थे और वस्त्र धारण नहीं करते थे।

2. **श्वेतांबर सम्प्रदाय:** इस सम्प्रदाय के अनुयायी सफेद वस्त्र धारण करते थे।

**अथवा**

**राजस्थान में माउंट आबू स्थित जैन मन्दिर क्यों लोकप्रिय है? दो बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - माउंट आबू का दिलवाड़ा मंदिर दो कारणों से लोकप्रिय है-**

1. **अद्वितीय वास्तुकला:** यह जैन वास्तुकला का सबसे सुंदर और भव्य नमूना है।

2. **बारीक नक्काशी:** इसके निर्माण में शुद्ध सफेद संगमरमर का उपयोग किया गया है और इसकी मूर्तिकला व नक्काशी अत्यंत प्रभावशाली है।

**प्रश्न 37. पर्यटन उद्योग में संप्रेषण के महत्व की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** पर्यटन उद्योग में प्रभावी संप्रेषण का विशेष महत्व है, क्योंकि यह पर्यटकों को सही जानकारी, मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करने में सहायक होता है। प्रभावी संप्रेषण से पर्यटकों का विश्वास बढ़ता है, उनकी समस्याओं का समाधान होता है तथा ग्राहकों, कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**बैठक के दो मुख्य उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - बैठक आयोजित करने के दो मुख्य उद्देश्य हैं-**

1. **सूचना का आदान-प्रदान:** सदस्यों को आवश्यक जानकारी देना, उसका वर्णन करना और सदस्यों से उनके विचार व अनुभव प्राप्त करना।

2. **समस्या समाधान:** कार्य में आने वाली उलझनों और द्वंद्वों को सुलझाना तथा सदस्यों के बीच सकारात्मक मनोवृत्तियाँ पैदा करना।

**प्रश्न 38. पर्यटन विपणन की दो प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - पर्यटन विपणन की दो प्रमुख विशेषताएँ-**

1. **अनुभव आधारित सेवा: पर्यटन** विपणन में किसी वस्तु के बजाय यात्रा और मनोरंजन जैसी सेवाओं का विपणन किया जाता है।
2. **नश्वरता:** पर्यटन सेवाओं का भंडारण नहीं किया जा सकता। यदि किसी होटल का कमरा या बस की सीट खाली रह जाती है, तो उस अवसर की बिक्री हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।

**प्रश्न 39. अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी में अंतर लिखिए।**

**उत्तर -** बहिर्मुखी लोग सामाजिक रूप से खुले होते हैं, बातचीत करना पसंद करते हैं और अन्य लोगों के साथ समय बिताकर ऊर्जावान महसूस करते हैं। जबकि अंतर्मुखी लोग शांत, शर्मीले और अकेले समय बिताने वाले होते हैं। ऐसे लोग गहन और अर्थपूर्ण संबंधों को अधिक महत्व देते हैं।

**अथवा**

**टीम-निर्माण क्या होता है ?**

**उत्तर -** टीम-निर्माण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से टीम के सदस्यों के बीच सहयोग, विश्वास, समन्वय और प्रभावी संचार को विकसित किया जाता है। इसका उद्देश्य टीम की कार्यक्षमता बढ़ाना तथा सदस्यों को मिलकर संगठन के लक्ष्यों को अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाना है।

**प्रश्न 40. लिखित संचार के दो लाभों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - लिखित संचार के दो लाभ-**

1. **रिकॉर्ड:** लिखित संप्रेषण भविष्य के संदर्भ के लिए रिकॉर्ड रखने में सहायक होता है।

2. **स्पष्टता:** इसमें संदेश को सही, सटीक और स्पष्ट तरीके से व्यवस्थित करके लिखा जा सकता है, जिससे निर्देशों में भ्रम नहीं रहता।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 41. यात्रा और पर्यटन में भूगोल की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** यात्रा और पर्यटन में भूगोल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह निम्नलिखित तरीकों से पर्यटकों की सहायता करता है-

1. किसी विशिष्ट क्षेत्र का नक्शे पर पता लगाने में।
2. उद्गम और गंतव्य स्थानों के बीच भौगोलिक समय अंतराल का पता लगाने में।
3. वैश्विक परिप्रेक्ष्य में घड़ी का समय निर्धारित करने में।
4. नक्शे और चार्ट के माध्यम से उपयोगी नक्शे पढ़ने में।

**अथवा**

**यात्रियों को अक्षांश और देशान्तर की मूल जानकारी क्यों होनी चाहिए ? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** यात्रियों को अक्षांश और देशांतर की मूल जानकारी होना आवश्यक है क्योंकि यह पर्यटन में बहुत सहायक होती है-

1. अक्षांश और देशांतर रेखाएँ पृथ्वी के धरातल पर किसी भी स्थान की सटीक स्थिति को दर्शाने में मदद करती हैं।
2. देशांतर की समझ से ग्लोब पर समय का सही निर्धारण किया जाता है।
3. अक्षांश की जानकारी से यात्री किसी स्थान विशेष की जलवायु का सटीक अनुमान लगा सकते हैं।

**प्रश्न 42. विशेष या विषयगत मानचित्र क्या है ? किन्हीं दो विषयगत मानचित्रों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** विशेष या विषयगत मानचित्र वे मानचित्र हैं जो किसी एक विशिष्ट विषय से संबंधित जानकारी को प्रदर्शित करते हैं। इनमें जलवायु, वर्षा, तापमान, वनस्पति, जनसंख्या, खनिज, उद्योग आदि का वितरण दर्शाया जाता है।

**दो विषयगत मानचित्र-**

1. **राजनीतिक मानचित्र**: यह देशों, राज्यों, जिलों तथा अन्य प्रशासनिक इकाइयों की सीमाएँ और स्थान दर्शाता है।
2. **भौतिक मानचित्र**: यह किसी क्षेत्र की प्राकृतिक भौतिक विशेषताओं, जैसे पर्वत, पठार, मैदान, नदियाँ और ऊँचाई-निचाई को प्रदर्शित करता है।

**प्रश्न 43. मथुरा के धार्मिक महत्व का वर्णन किन्हीं तीन बिंदुओं में कीजिए।**

**उत्तर - मथुरा का धार्मिक महत्व-**

1. **श्रीकृष्ण का जन्मस्थान:** मथुरा भगवान श्रीकृष्ण का जन्म स्थान माना जाता है और यह उनके बचपन की लीलाओं से जुड़ा है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **तीर्थ यात्रियों का आकर्षण:** यह स्थान हिंदुओं के लिए अत्यंत पवित्र है, जहाँ साल भर बड़ी संख्या में भक्त आते हैं।

3. **उत्सव:** होली और जन्माष्टमी के त्योहारों पर यहाँ भारतीय और विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ इकट्ठा है।

**अथवा**

**भगवान महावीर की तीन प्रमुख शिक्षाओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - भगवान महावीर की तीन प्रमुख शिक्षाएँ-**

1. **अहिंसा:** उन्होंने अहिंसा को जीवन का सर्वोच्च सिद्धांत माना।

2. **समता:** उन्होंने जाति-प्रथा का विरोध किया और सभी मनुष्यों में समानता का उपदेश दिया।

3. **त्रिमार्ग:** उन्होंने मोक्ष प्राप्ति के लिए उचित आस्था, उचित ज्ञान और उचित व्यवहार (त्रिमार्ग) का पालन करने की शिक्षा दी।

**प्रश्न 44. पर्यटन को बढ़ावा देने में भारत में हवाई परिवहन की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने में हवाई परिवहन की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। यह लंबी दूरी के पर्यटकों और उनके सामानों को आसानी से गंतव्य तक ले जाता है। भारत में लगभग 97 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय पर्यटक हवाई परिवहन द्वारा ही आते हैं। इनमें से 70 प्रतिशत से अधिक विदेशी पर्यटकों के लिए दिल्ली और मुंबई मुख्य प्रवेश मार्ग हैं। इसके अतिरिक्त, देश के 16 नामांकित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर पर्यटक चार्टर विमान द्वारा सीधे उतर सकते हैं, जिससे विदेशी पर्यटन को भारी प्रोत्साहन मिलता है।

**अथवा**

**पर्यटन को बढ़ावा देने में भारत में रेल परिवहन की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने में रेल परिवहन का महत्वपूर्ण योगदान है। ज़्यादातर घरेलू यात्री लंबी दूरी की यात्रा के लिए मुख्य रूप से रेल मार्ग पर ही निर्भर करते हैं। पर्यटन को अधिक आकर्षित करने के लिए भारतीय रेलवे कई विशेष पर्यटन ट्रेनें चला रही है। इनमें 'टॉय ट्रेन', 'पैलेस ऑन व्हील्स', 'फेरी क्वीन', 'हेरिटेज ऑन व्हील्स' और 'भारत दर्शन' ट्रेन प्रमुख हैं। ये विशेष ट्रेनें पर्यटकों को देश के विभिन्न हिस्सों के दर्शन कराकर पर्यटन उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि करती हैं।

**प्रश्न 45. बौद्ध धर्म के संस्थापक कौन थे ? बुद्ध की शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध थे। उनकी शिक्षाएँ इस प्रकार हैं-

1. **दुख का कारण:** उन्होंने बताया कि मनुष्य के सभी दुखों का मूल कारण 'इच्छा' है।

2. **अष्टांग मार्ग:** दुखों से मुक्ति पाने के लिए उन्होंने अष्टांग मार्ग (उचित वाणी, कर्म, जीविका, ध्यान आदि) का अनुसरण करने का उपदेश दिया।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. **सरल भाषा:** उन्होंने अपने उपदेश पाली और प्राकृत जैसी आम बोलचाल की भाषा में दिए ताकि साधारण लोग उन्हें समझ सकें।

**अथवा**

**गुरु नानक की मुख्य शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** गुरु नानक देव की मुख्य शिक्षाएँ-

1. **एकेश्वरवाद –** गुरु नानक ने उपदेश दिया कि ईश्वर एक है और वही समस्त सृष्टि का रचयिता तथा पालनकर्ता है।
2. **समानता का संदेश –** उन्होंने जाति-भेद, ऊँच-नीच, छुआछूत तथा मूर्तिपूजा का विरोध किया और सभी मनुष्यों को समान माना।
3. **मानवीय गुणों पर बल –** उन्होंने सत्य, दया, क्षमा, विनम्रता, ईमानदारी और परोपकार का जीवन अपनाने की शिक्षा दी।
4. **कर्म और सेवा –** उन्होंने ईमानदारी से परिश्रम करने, अपनी कमाई में से ज़रूरतमंदों की सहायता करने तथा निःस्वार्थ सेवा करने का संदेश दिया।
5. **नाम-स्मरण –** उन्होंने ईश्वर के नाम का स्मरण करने तथा सदाचारी जीवन जीने पर विशेष बल दिया।

**प्रश्न 46. पर्यटन के विकास को प्रभावित करने वाले किन्हीं छः कारकों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - पर्यटन के विकास को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले छः प्रमुख कारक हैं-**

1. **प्राकृतिक आकर्षण:** द्वीप समूह, तटीय भूमि, हरी घाटियाँ और ऊँची पर्वत चोटियाँ पर्यटकों को आकर्षित करती हैं।
2. **ऐतिहासिक धरोहर:** प्राचीन गुफाएँ, स्मारक और पुरातात्विक महत्व के स्थल पर्यटन बढ़ाते हैं।
3. **धार्मिक स्थल:** विभिन्न धार्मिक संरचनाएँ तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को अपनी ओर खींचती हैं।
4. **साहसिक पर्यटन:** पहाड़ी रास्ते, चट्टानी चढ़ाई और राफ्टिंग साहसिक पर्यटकों को विशेष रूप से लुभाते हैं।
5. **स्वास्थ्य और मनोरंजन:** नवीन पर्यावरण, मनोरंजन केंद्र व स्वास्थ्य पुनर्युवन केंद्र पर्यटन विकास में अत्यधिक सहायक हैं।
6. **अनुकूल जलवायु:** सर्दियों में दक्षिण भारत और गर्मियों में हिमालय क्षेत्र की जलवायु पर्यटकों के लिए बेहद अनुकूल होती है, जो पर्यटन को प्रभावित करती है।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**विश्व पर्यटन को प्रभावित करने वाले किन्हीं छः कारकों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - विश्व स्तर पर पर्यटन को प्रभावित करने वाले छह प्रमुख कारक हैं-**

1. **भौगोलिक विविधता:** विभिन्न देशों की तटीय भूमि, पर्वत और घाटियाँ वैश्विक पर्यटकों को आकर्षित करती हैं।
2. **सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थल:** दुनियाभर के स्मारक और पुरातात्विक स्थल पर्यटन के मुख्य केंद्र होते हैं।
3. **साहसिक पर्यटन:** ट्रैकिंग, राफ्टिंग और रॉक क्लाइम्बिंग जैसी गतिविधियाँ साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देती हैं।
4. **मनोरंजन सुविधाएँ:** विश्वभर के उन्नत मनोरंजन केंद्र और रिसॉर्ट्स पर्यटकों के निर्णय को प्रभावित करते हैं।
5. **स्वास्थ्य पर्यटन:** स्वास्थ्य और वेलनेस (पुनर्युवन) केंद्र चिकित्सा पर्यटन को प्रभावित करते हैं।
6. **जलवायु:** किसी भी गंतव्य की जलवायु (जैसे सर्दियों में गर्म स्थान और गर्मियों में ठंडे स्थान) पर्यटकों की यात्रा की योजना को सबसे अधिक प्रभावित करती है।

# खंड – स

## वैकल्पिक मॉड्यूल - I (यात्रा एवं पर्यटन संचालन व्यापार)

**प्रश्न 47. निम्नलिखित में से किस वर्ष पर्यटन मंत्रालय और नागर विमानन पृथक मंत्रालय एक कैबिनेट मन्त्री के अधीन गठित हुआ ?**

**(A) 1967**

**(B) 1977**

**(C) 1987**

**(D) 1997**

**उत्तर -** (A) 1967

**प्रश्न 48. निम्नलिखित में से किस वर्ष भारत में व्यवस्थित यात्रा व्यापार को मजबूत बनाने के लिए भारतीय यात्रा एजेंट संघ की स्थापना की गयी ?**

**(A) 1951**

**(B) 1961**

**(C) 1971**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(D) 1981**

**उत्तर -** (A) 1951

**प्रश्न 49. निम्नलिखित में से किस वर्ष आई आर सी टी सी को अपग्रेड, व्यावसायिक व केटरिंग प्रबंध और अतिथि सेवाओं की व्यवस्था करने हेतु भारतीय रेलवे की एक शाखा के रूप में शामिल किया गया था ?**

**(A) 1999**

**(B) 1989**

**(C) 1979**

**(D) 1969**

**उत्तर -** (A) 1999

**प्रश्न 50. भारतीय रेलवे द्वारा "पैलेस आन व्हील्स" निम्नलिखित में से किस वर्ष शुरू किया गया था ?**

**(A) 1982**

**(B) 1972**

**(C) 1992**

**(D) 1962**

**उत्तर -** (A) 1982

**प्रश्न 51. सत्य या असत्य अंकित कीजिए :**

**(i) थोमस कुक विश्व का पहला व्यवस्थित यात्रा एजेंट था।**

**उत्तर -** सत्य

**(ii) खुदरा यात्रा एजेंसी खुदरा व्यापारी की तरह कार्य करती है और थोक व्यापारी की तरफ से पर्यटन पैकेज बेचती है।**

**उत्तर -** सत्य

**प्रश्न 52. अंतर्गामी, बहिर्गामी, घरेलू तथा स्थलीय संचालक कौन होते हैं? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - पर्यटन संचालकों के प्रकार-**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. **अंतर्गामी:** ये विदेशी पर्यटकों के भारत आगमन पर उनकी देखरेख करते हैं, जैसे भारत आने वाले फ्रेंच समूह का प्रबंधन करना।

2. **बहिर्गामी:** ये अपने देश से विदेश जाने वाले पर्यटकों के लिए यात्रा का संचालन करते हैं, जैसे भारतीय समूह को सिंगापुर भेजना।

3. **घरेलू:** ये देश की सीमा के भीतर पर्यटकों की सेवा करते हैं, जैसे चेन्नई से अमरनाथ जाने वाले समूह का प्रबंधन।

4. **स्थलीय:** ये विशिष्ट गंतव्यों पर स्थानीय सेवाएँ जैसे गाइड, होटल और गाड़ी का प्रबंध करते हैं।

**प्रश्न 53. यात्रा मार्ग-विवरण का अर्थ, महत्व और प्रकारों का विस्तार से वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** यात्रा मार्ग-विवरण (Itinerary) वह लिखित कार्यक्रम या समय-सारणी है, जिसमें यात्रा के मार्ग, गंतव्यों, ठहराव, परिवहन, आवास, दर्शनीय स्थलों तथा दैनिक गतिविधियों का क्रमबद्ध विवरण दिया जाता है।

**महत्व:** यह पर्यटकों को यात्रा की स्पष्ट जानकारी प्रदान करता है, समय का प्रभावी प्रबंधन करता है तथा यात्रा के सुचारु संचालन में सहायता करता है। यह पर्यटन संचालकों के लिए योजना, समन्वय और सेवाओं के विपणन का भी महत्वपूर्ण साधन है।

**प्रकार:** यात्रा मार्ग-विवरण पर्यटकों, पर्यटन संचालकों, टूर गाइडों, विक्रेताओं तथा वाहन चालकों के लिए अलग-अलग उद्देश्य के अनुसार तैयार किया जाता है।

## वैकल्पिक मॉड्यूल - II (आतिथ्य प्रबन्धन)

**प्रश्न 47. भारतीय पर्यटन का भारत के कुल रोजगार में कितने प्रतिशत योगदान है?**

**(A) 10 प्रतिशत**

**(B) 25 प्रतिशत**

**(C) 15 प्रतिशत**

**(D) 20 प्रतिशत**

**उत्तर -** (A) 10 प्रतिशत

**प्रश्न 48. पर्यटन उद्योग के तीन महत्वपूर्ण घटक हैं**

**(A) आकर्षण, पहुँच और आवास**

**(B) आकर्षण, उपलब्धता और आवास**

**(C) अपील, आवास और पहुँच**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(D) आकर्षण, आवास और अपील**

**उत्तर -** (A) आकर्षण, पहुँच और आवास

**प्रश्न 49. निम्नलिखित में से कौन-सा एक होटल का प्रशासनिक विभाग नहीं है ?**

**(A) अनुसरण विभाग**

**(B) लेखा विभाग**

**(C) सुरक्षा विभाग**

**(D) खाद्य एवं पेय सेवाएँ**

**उत्तर -** (D) खाद्य एवं पेय सेवाएँ

**प्रश्न 50. निम्नलिखित में से कौन-सा एक होटल का परिचालन विभाग नहीं है ?**

**(A) प्रमुख कार्यालय**

**(B) भोजन तैयार करना**

**(C) अनुरक्षण विभाग**

**(D) देखरेख**

**उत्तर -** (C) अनुरक्षण विभाग

**प्रश्न 51. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(i) अर्द्धशहरी होटल शहर व नगरों के _______ इलाकों में स्थित होते हैं।**

**उत्तर -** बाहरी

**(ii) मोटेल शब्द 'मोटर होटल' के लघुरूप में प्रयोग होता है। यह अवधारणा _________ में उत्पन्न हुई।**

**उत्तर -** अमेरिका

**प्रश्न 52. व्यावसायिक तथा गैर-व्यावसायिक संगठनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** व्यावसायिक तथा गैर-व्यावसायिक संगठन अपने उद्देश्य और सेवाओं के आधार पर एक-दूसरे से भिन्न होते हैं-

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

| आधार | व्यावसायिक संगठन | गैर-व्यावसायिक संगठन |
|---|---|---|
| **उद्देश्य** | गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करके लाभ अर्जित करना। | लाभ कमाना नहीं, बल्कि यात्रियों को कम लागत पर या निःशुल्क सुविधाएँ उपलब्ध कराना। |
| **सेवाएँ** | निर्धारित शुल्क लेकर आवास, भोजन तथा अन्य सुविधाएँ प्रदान करते हैं। | कम शुल्क या निःशुल्क आवास एवं आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराते हैं। |
| **उदाहरण** | होटल, मोटेल, रिसॉर्ट | धर्मशाला, यात्री निवास, सराय |

**प्रश्न 53. अतिथियों की अपेक्षाओं को पूरा करना होटल के लिए क्यों महत्वपूर्ण होता है? आगमन के समय अतिथियों की अपेक्षाओं को सूचीबद्ध कीजिए।**

**उत्तर -** होटल का मुख्य कार्य अतिथियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करना और उनकी अपेक्षाओं को पूरा करना है, जिससे होटल की अच्छी छवि बनती है तथा ग्राहक संतुष्टि बढ़ती है।

**आगमन पर अतिथियों की प्रमुख अपेक्षाएँ –**

1. स्नेहपूर्ण एवं सम्मानजनक स्वागत।
2. प्रशिक्षित और विनम्र कर्मचारी।
3. त्वरित एवं सरल चेक-इन प्रक्रिया।
4. स्वच्छ, व्यवस्थित और तैयार कमरा।
5. सामान को सुरक्षित कमरे तक पहुँचाने की सुविधा।
6. अतिथि को उसके नाम से संबोधित कर व्यक्तिगत सम्मान देना।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/



# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success